राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

सत्यमेव जयते

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

DO: RN/2024/324
Dated: 27.08.2024

**संदेश**

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, 5 सितंबर को, विश्व प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर, अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर रहा है।

इस अवसर पर मैं, सभी पुरस्कृत शिक्षकों को बधाई और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और कामना करता हूं कि भविष्य में भी वह इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेंगे तथा अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

विभागीय गतिविधियों एवं पुरस्कृत शिक्षकों का परिचय देने वाली 'स्मारिका' के प्रकाशन पर भी मैं, विभाग को बधाई देता हूं।

(विनय कुमार सक्सेना)